**भारत सरकार**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 49**

**दिनांक 02 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए**

**कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव**

**49. श्री मोहनभाई कुंडारिया:**

**श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान की सफलता के मूल्यांकन में विचार किए गए विशिष्ट मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पहचान की गई उल्लेखनीय उपलब्धियों अथवा चुनौतियों सहित मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्षों अथवा परिणामों की अंतर्दृष्टि का ब्यौरा क्या है;

(ग) शिक्षा में लैंगिक असमानताओं को दूर करने में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान ने किस प्रकार योगदान दिया है; और

(घ) स्कूल न जाने वाले बच्चों को समयबद्ध शिक्षा प्रणाली में वापस लाने के लिए अभियान के दौरान कौन-सी कार्यनीतियां प्रयोग की गई हैं अथवा हस्तक्षेपों का सामना किया गया है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

(क) से (घ): दिनांक 07 मार्च, 2022 को कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव (केएसपीयू) अभियान नामक एक विशेष अभियान 11-14 वर्ष के आयु वर्ग में स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों (ओओएस एजी) का फिर से नामांकन करने के लिए शुरू किया गया था। यह अभियान

स्कूलों में किशोरियों का पुन: नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया समन्वित प्रयास था।

इस स्कीम के मुख्य घटक समुदायों, परिवारों को औपचारिक स्कूली शिक्षा में किशोरियों के पुनः नामांकन के लिए सुग्राही बनाने हेतु जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक संघटन अभियान तथा परामर्श एवं रेफरल के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रोत्साहन देना था।

सभी पहचाने गए ओओएस एजी को प्रभंद पोर्टल में मैप करना था। प्रभंद पोर्टल के अनुसार, 22 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र से कुल 1,00,786 ओओएसएजी को शिक्षा प्रणाली में पुनः नामांकित किया गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

इसके अलावा, माध्यमिक स्तर पर स्कूलों में बालिकाओं का नामांकन (वर्ष 2014-15) में 75.51 प्रतिशत से बढ़कर (वर्ष 2021-22) में 79.4 प्रतिशत में हो गया है [एमओई के अनुसार यूडीआईएसई-आंकड़े]।

****

**अनुलग्नक**

**'कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव' के संबंध में 02.02.2024 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 49 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:**

| **क्र.सं..** | **राज्य का नाम** | **पहचान के बाद स्कूलों में नामांकित ओओएससी की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 7 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 7228 |
| 3 | असम | 11 |
| 4 | बिहार | 131 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 762 |
| 6 | दिल्ली | 649 |
| 7 | गुजरात | 17341 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 11 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 79 |
| 10 | झारखंड | 412 |
| 11 | कर्नाटक | 34 |
| 12 | केरल | 1 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1080 |
| 14 | महाराष्ट्र | 819 |
| 15 | मेघालय | 6 |
| 16 | मिजोरम | 1003 |
| 17 | ओडिशा | 303 |
| 18 | पंजाब | 33 |
| 19 | तमिलनाडु | 3483 |
| 20 | तेलंगाना | 115 |
| 21 | उत्तरप्रदेश | 66881 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 397 |
| | **कुल** | **100786** |